गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गोवा में राज्य सरकार की 'म्हाजे घर योजना' व विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया

## म्हाजे घर योजना एक कुशल प्रशासक, संवेदनशील सरकार और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार द्वारा सुधारों के लिए की गई मेहनत का परिचायक है

## लगभग 11 प्रकार के अलग-अलग कानूनी झमेलों में फंसे हुए गोवा के लाखों नागरिकों को उनके मकान का अधिकार देना, एक बहुत बड़े सशक्तीकरण की निशानी है

## गोवा के मुख्यमंत्री व उनकी टीम ने एक ही कानून बनाकर सभी हाउसिंग विसंगतियों को समाप्त कर गोवा की आधी आबादी को फायदा पहुंचाया है

## आज एक ही कार्यक्रम के माध्यम से गोवा सरकार ने 10 लाख लोगों को अपने घर का मालिक बनाने का काम किया है

## आज 2,452 करोड़ रूपए की 21 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है, जो गोवा के विकास में एक बहुत बड़ी छलांग है

## मोदी जी ने 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य रखा है, लेकिन गोवा में जिस गति से समस्याओं का समाधान हो रहा है, गोवा सबसे पहले पूर्ण विकसित राज्य बनेगा

## गोवा, भारत माता के माथे पर एक बिंदिया के समान है और गोवा के विकसित होने से अनेक राज्य प्रेरणा लेकर विकसित बनेंगे

## इस दीपावली पर हम सभी विदेशी वस्तुओं की जगह स्वदेशी अपनाने का संकल्प लें

# अगर देश की 140 करोड़ की जनता स्वदेशी ही खरीदेगी और उपयोग करेगी तो हमारा भारत बहुत जल्दी महान बन जाएगा

# विपक्षी पार्टी गोवा को छोटा राज्य कहती है, राज्य छोटा हो या बड़ा, यहां का हर नागरिक भारतीय है

प्रविष्टि तिथि: 04 OCT 2025 9:43PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गोवा में राज्य सरकार की 'म्हाजे घर योजना' व विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत और केन्द्रीय मंत्री श्रीपद नाइक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




अपने सम्बोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज शुरू हो रही म्हाजे घर योजना सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं है बल्कि एक कुशल प्रशासक, संवेदनशील सरकार और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकारों द्वारा सुधारों के लिए की गई मेहनत का परिचायक है। उन्होंने कहा कि लगभग 11 प्रकार के अलग-अलग कानूनी पचड़ों में फंसे हुए गोवा के लाखों नागरिको को उनके मकान का अधिकार देना, एक बहुत बड़े सशक्तिकरण की निशानी है। उन्होंने कहा कि डा. प्रमोद सावंत और उनकी टीम ने एक ही कानून बनाकर सभी हाउसिंग विसंगतियों को समाप्त कर गोवा की आधी आबादी को फायदा पहुंचाया है। श्री शाह ने कहा कि गोवा सरकार ने घर की मरम्मत के लिए तीन दिन के अंदर अनुमति देना और बिजली और पानी की आपूर्ति को भी सुनिश्चित किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि जब 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने तब उन्होंने सभी राज्यों को प्रेरणा दी कि लोगों की समस्याओं को जानें, उनके दुख को समझें, उन समस्याओं का कानूनी हल निकालें और ज़रूरी हो तो समाधान के लिए नया कानून लाकर लोगों को उनका अधिकार दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की उसी प्रेरणा से आज हमारी सभी सरकारें देशभर में काम कर रही हैं और उसी का नतीजा है कि आज़ादी के 75 साल बाद देश के 60 करोड़ गरीबों को जीवन की सभी आवश्क सुविधाएं मिल गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के 60 करोड़ गरीबों के जीवन में उजियारा भरने का काम किया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज एक ही कार्यक्रम में लीगल पचड़े में फंसे 10 लाख नागरिकों को घर का अधिकार दे दिया गया है। उन्होंने कहा इसके साथ ही आज यहां 2452 करोड़ रूपए की 21 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी हुआ है। यह गोवा के विकास में एक बहुत बड़ी छलांग है और ये सारे विकास के काम विकसित गोवा का निर्माण करेंगे।



श्री अमित शाह ने कहा कि 2014 में गोवा की प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 12 हज़ार 73 रूपए थी जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 3 लाख 57 हज़ार रूपए हो गई है। उन्होंने कहा कि इतने सालों से हमारे आदिवासी भाई- बहनों को आरक्षण नहीं मिलता था लेकिन अब वे विधानसभा में रिज़र्व सीट से आएंगे। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त 2025 को देश की संसद ने इस बारे में एक अधिनियम को पारित कर दिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी गोवा को छोटा राज्य कहती है, राज्य छोटा हो या बड़ा, यहां का हर नागरिक भारतीय है। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी ने 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य रखा है, लेकिन गोवा में जिस गति से समस्याओं का समाधान हो रहा है, गोवा सबसे पहले पूर्ण विकसित राज्य बनेगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सिर्फ गोवा ही नहीं बल्कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देशभर की माताओं बहनों को नवरात्रि के पहले दिन ही उपहार दिया है और 395 रोज़मर्रा की चीज़ों पर GST को एक तिहाई से कम कर देश की जनता को बहुत बड़ा फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि आज़ादी से अब तक कर में इतनी बड़ी कटौती किसी ने नहीं की है। श्री शाह ने कहा कि इस दीपावली पर हम सब लोगों को एक संकल्प लेना है कि हमारे परिवार में किसी विदेशी चीज़ का उपयोग हम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर देश की 140 करोड़ की जनता स्वदेशी ही खरीदेगी और उपयोग करेगी तो हमारा भारत बहुत जल्दी महान बन जाएगा।




श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 12 लाख रूपए तक की आय पर आयकर समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि 2014 में ढाई लाख रूपए तक की आय पर कर नहीं लगता था जिसे मोदी सरकार के पिछले 11 साल में बढ़ाकर 12 लाख रूपए कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आयकर में छूट और GST को मिलाकर देश की माताओं बहनों की क्रयशक्ति बढ़ाने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। गृह मंत्री ने कहा कि हम सबको प्रयास करना चाहिए कि हमारा गोवा आने वाले समय में देश का पहला पूर्ण विकसित राज्य बने। उन्होंने कहा कि गोवा भारत माता के माथे पर एक बिंदिया के समान है और गोवा के विकसित होने से अनेक राज्य प्रेरणा लेकर विकसित बनेंगे।

***

**आरके / वीवी / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 2174907) आगंतुक पटल : 176
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Assamese , Punjabi